**प्रेस विज्ञप्ति**

***नई दिल्ली, 31 जुलाई 2026***

भारत सरकार

**Government of India**

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय **(**एम**.** ओ**.** ई**.** एस**.)**

**Ministry of Earth Sciences (MoES)**

भारत मौसम विज्ञान विभाग

# INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

## दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ऋतु/सीज़न के दूसरे भाग (अगस्त – सितंबर) में वर्षा का आउटलुक और अगस्त, 2026 के दौरान मासिक वर्षा और तापमान

## Outlook for the Rainfall during Second Half of the SW Monsoon Season (August – September) and Monthly Rainfall and Temperature during August, 2026

<u>मुख्य बातें</u>

क) **2026** में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न के दूसरे भाग (अगस्त-सितंबर) में देश में सामान्य से कम वर्षा (दीर्घावधि औसत (**LPA)** के **94%** से कम) होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान**,** देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की बहुत संभावना है**,** सिवाय प्रायद्वीपीय भारत**,** मध्य भारत**,** उत्तर-पश्चिम भारत के उत्तरी हिस्सों और पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर**,** जहाँ सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

ख) अगस्त 2026 के दौरान, देश में बारिश सामान्य से कम (दीर्घावधि औसत (LPA) के 94% से कम) रहने की संभावना है। देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की बहुत संभावना है, सिवाय पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कई इलाकों, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ इलाकों और पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत के कुछ इक्का-दुक्का इलाकों को छोड़कर, जहाँ सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

ग) अगस्त **2026** के दौरान**,** देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालाँकि**,** उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ इलाकों के साथ-साथ उससे सटे दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ इक्का-दुक्का क्षेत्रों में इस महीने के दौरान मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने की संभावना है। अगस्त **2026** के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक औसत न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है।

घ**)** वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल-नीनो (**El Niño)** की मध्य श्रेणी की स्थिति बनी हुई है**,** जिसमें मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान (**SST)** सामान्य से अधिक बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न के दौरान इन स्थितियों के और प्रबल होने की संभावना है। मॉनसून मिशन कपल्ड फोरकास्ट सिस्टम (एमएमसीएफएस**/MMCFS)** के पूर्वानुमान भी संकेत देते हैं कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न की शेष अवधि के दौरान अल-नीनो की स्थिति लगातार प्रबल होती रहेगी।

ङ) वर्तमान में**,** हिंद महासागर में तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव/न्यूट्रल इंडियन ओशन डाइपोल (आईओडी/**IOD)** की स्थिति बनी हुई है। मॉनसून मिशन कपल्ड फोरकास्ट सिस्टम (**MMCFS)** के पूर्वानुमान संकेत देते हैं कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न की शेष अवधि के दौरान ये तटस्थ/न्यूट्रल **IOD** स्थितियां बनी रहने की संभावना है। हालांकि**,** कुछ अंतरराष्ट्रीय पूर्वानुमान केंद्रों के जलवायु पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि सितंबर **2026** के दौरान सकारात्मक **IOD** स्थितियां बनने की संभावना है।

**IMD** अगस्त **2026** के अंत तक सितंबर में होने वाली वर्षा का पूर्वानुमान जारी करेगा।

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ऋतु/सीज़न के दूसरे भाग (अगस्त – सितंबर) के दौरान वर्षा का आउटलुक और अगस्त**, 2026** के दौरान मासिक वर्षा और तापमान

## **1.** पृष्ठभूमि

2021 से, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) देश भर में वर्षा और तापमान के लिए मासिक और ऋतुनिष्ठ स्तर पर संक्रियात्मक दीर्घावधि पूर्वानुमान जारी करने के लिए एक नई रणनीति का इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए, हाल ही में विकसित मल्टी-मॉडल एनसेंबल (एमएमई/MME) पूर्वानुमान प्रणाली का उपयोग किया जाता है। MME प्रणाली विभिन्न वैश्विक जलवायु पूर्वानुमान और अनुसंधान केंद्रों से प्राप्त युग्मित वैश्विक जलवायु मॉडल/कपल्ड ग्लोबल क्लाइमेट मॉडल (सीजीसीएम/CGCMs) के सिमुलेशन का उपयोग करती है, जिसमें IMD का मॉनसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली/मॉनसून मिशन क्लाइमेट फोरकास्टिंग सिस्टम (एमएमसीएफएस/MMCFS) मॉडल भी शामिल है।

IMD ने 13 अप्रैल को देश में 2026 के दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न (जून से सितंबर) की वर्षा के लिए पहला पूर्वानुमान और 29 मई 2026 को पूर्वानुमान का अद्यतन/अपडेट जारी किया था। इसके अलावा, IMD ने 29 मई 2026 को जून के दौरान और 30 जून 2026 को जुलाई के दौरान होने वाली बारिश का पूर्वानुमान भी जारी किया था। यहाँ अगस्त-सितंबर, 2026 के दौरान दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की बारिश का पूर्वानुमान और अगस्त 2026 के लिए मासिक बारिश और तापमान का आउटलुक प्रस्तुत किया गया है।

## **2.** अगस्त से सितंबर (अगस्त**+**सितम्बर**) 2026** के दौरान देश में वर्षा का संभावित पूर्वानुमान

अगस्त से सितंबर के दौरान पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से कम (दीर्घावधि औसत (**LPA)** का **<94%)** रहने की संभावना है। 1971 से 2020 के ऐतिहासिक आंकड़ों के आधार पर, अगस्त से सितंबर की अवधि के दौरान पूरे देश में वर्षा का दीर्घावधि औसत/LPA 422.8 mm है।

अगस्त से सितंबर 2026 की अवधि के दौरान वर्षा की टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से अधिक, सामान्य और सामान्य से कम) के लिए संभावित पूर्वानुमान का स्थानिक वितरण चित्र **1**. में दिखाया गया है। इस अवधि के दौरान, देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की बहुत संभावना है, सिवाय प्रायद्वीपीय भारत, मध्य भारत, उत्तर-पश्चिम भारत के उत्तरी हिस्सों और पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर, जहाँ सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

## 3. अगस्त **2026** के दौरान देश में वर्षा का संभावित पूर्वानुमान

अगस्त **2026** के लिए पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से कम (दीर्घावधि औसत **LPA** का **<94%)** रहने की संभावना है। 1971-2020 के आंकड़ों के आधार पर, अगस्त के महीने में पूरे देश में वर्षा का दीर्घावधि औसत/LPA (लॉन्ग पीरियड एवरेज) 254.9 मिमी है।

अगस्त 2026 के दौरान वर्षा की टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से अधिक, सामान्य और सामान्य से कम) के संभावित पूर्वानुमान का स्थानिक वितरण चित्र **2.** में दिखाया गया है। देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की बहुत संभावना है, सिवाय पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कई इलाकों, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ इलाकों और पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत के कुछ इक्का-दुक्का इलाकों को छोड़कर, जहाँ सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

## 4. अगस्त **2026** के दौरान देश में तापमान का संभावित पूर्वानुमान

चित्र 3ए. और चित्र 3बी. में क्रमशः अगस्त 2026 के लिए अधिकतम और न्यूनतम तापमान की पूर्वानुमान संभावनाएँ दिखाई गई हैं। अगस्त 2026 के दौरान (चित्र 3ए.**)**, देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालाँकि**,** उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ इलाकों के साथ-साथ उससे सटे दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ इक्का-दुक्का क्षेत्रों में इस महीने के दौरान मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से कम रहने की संभावना है।

अगस्त 2026 में**,** देश के ज़्यादातर हिस्सों में मासिक औसत न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है (चित्र 3बी.**)**। देश के सफ़ेद रंग वाले ज़मीनी क्षेत्रों के लिए मॉडल से कोई खास संकेत नहीं मिला है।

## 5. प्रशांत और हिंद महासागर में समुद्री सतह तापमान (एसएसटी/**SST)** की स्थिति

वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल-नीनो (El Niño) की मध्य श्रेणी की स्थिति बनी हुई है, जिसमें मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान (SST) सामान्य से अधिक बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न के दौरान इन स्थितियों के और प्रबल होने की संभावना है। मॉनसून मिशन कपल्ड फोरकास्ट सिस्टम (एमएमसीएफएस/MMCFS) के पूर्वानुमान भी संकेत देते हैं कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न की शेष अवधि के दौरान अल-नीनो की स्थिति लगातार प्रबल होती रहेगी।

वर्तमान में, हिंद महासागर में न्यूट्रल इंडियन ओशन द्विध्रुव/डाइपोल (IOD) की स्थिति बनी हुई है। मॉनसून मिशन कपल्ड फोरकास्ट सिस्टम (MMCFS) के पूर्वानुमान बताते हैं कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न की शेष अवधि के दौरान इन न्यूट्रल IOD स्थितियों के बने रहने की संभावना है। हालांकि, कुछ अंतरराष्ट्रीय पूर्वानुमान केंद्रों के जलवायु पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि सितंबर 2026 के दौरान सकारात्मक/पॉजिटिव IOD स्थितियों के विकसित होने की संभावना है।

.

## 6. विस्तारित रेंज पूर्वानुमान और लघु से मध्यम रेंज पूर्वानुमान सेवाएँ

IMD देश भर में वर्षा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान के लिए विस्तारित रेंज (अगले चार हफ़्तों के लिए 7-दिन का औसत पूर्वानुमान) भी देता है, जिसे हर हफ़्ते बृहस्पतिवार को अद्यतन/अपडेट किया जाता है। यह अनुमान IMD में अभी चल रहे 'मल्टी-मॉडल एनसेंबल डायनामिकल एक्सटेंडेड रेंज फोरकास्टिंग सिस्टम' पर आधारित है। विस्तारित रेंज पूर्वानुमान IMD की वेबसाइटhttps://mausam.imd.gov.in/imd_latest/contents/extendedrangeforecast.php पर उपलब्ध हैं।

विस्तारित रेंज पूर्वानुमान के बाद, IMD रोज़ाना लघु से मध्यम रेंज पूर्वानुमान भी जारी करता है। ये फोरकास्ट IMD की वेबसाइट https://nwp.imd.gov.in/gfsproducts_cycle00_mausam.php पर उपलब्ध हैं।




चित्र **1.** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सीज़न 2026 के दूसरे भाग (अगस्त से सितंबर) के दौरान भारत में वर्षा की टर्साइल श्रेणियों का संभावना पूर्वानुमान। यह चित्र बताई गई अवधि के दौरान भारत में वर्षा की सबसे संभावित टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से कम, सामान्य और सामान्य से अधिक) और उनकी संभावनाओं को दिखाता है। देश के ज़मीनी इलाके में सफ़ेद रंग से दिखाए गए हिस्सों के लिए मॉडल में कोई पूर्वानुमान संकेत नहीं है। संभावना को टर्साइल श्रेणियों के बीच बराबर-बराबर बांटा गया है (हर एक के लिए 33.33%)।




चित्र **2.** अगस्त, 2026 के दौरान भारत में वर्षा की टर्साइल श्रेणियों (tercile categories) का संभावना पूर्वानुमान। यह चित्र अगस्त के महीने में भारत में वर्षा की सबसे संभावित टर्साइल श्रेणियों (सामान्य से कम, सामान्य और सामान्य से अधिक) और उनकी संभावनाओं को दिखाता है। देश के ज़मीनी हिस्से में सफ़ेद रंग से दिखाए गए क्षेत्रों के लिए मॉडल में कोई पूर्वानुमान संकेत नहीं है। संभावना सभी टर्साइल श्रेणियों में समान रूप से बंटी हुई है (हर एक के लिए 33.33%)।




चित्र **3**ए. अगस्त 2026 के दौरान अधिकतम तापमान की टर्साइल श्रेणियों का संभावित पूर्वानुमान।




चित्र **3**बी. अगस्त 2026 के दौरान न्यूनतम तापमान की टर्साइल श्रेणियों का संभावित पूर्वानुमान।